दिनांकः 17.02.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज जयपुर से किसानों के डिजिटल साथी **भारत विस्तार** की लॉन्चिग कीं इस पहल का उद्देश्य किसानों को स्मार्ट, सशक्त और सूचना सम्पन्न बनाना हैं इससे किसानों को मोबाइल फोन के माध्यम से एक ही कॉल पर सभी जानकारियां मिल सकेंगीं उन्हें 1 5 5 2 6 1 नम्बर पर कॉल करना होगा, ये सुविधा 24 घंटे, सातों दिन चालू रहेगीं इस मौके पर अपने सम्बोधन में केन्द्रीय कृषि मंत्री ने इसे कृषि क्षेत्र में डिजिटल क्रांति का ऐतिहासिक कदम बतायां उन्होंने कहा कि इस पहल से किसानों को फसल आधारित वैज्ञानिक परामर्श, मण्डी मूल्य और मौसम की जानकारी मिल सकेगी, यह पहल डिजिटल इण्डिया के विजन को ग्रामीण भारत तक पहुंचाने में निर्णायक साबित होगीं उन्होंने कहा कि किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए उन्हें कृषि के साथ ही पशुपालन से भी जोड़ना होगा जिसके लिए तकनीक जरूरी हैं

....

मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने इस डिजिटल पहल को किसान क्रांति का आगाज बतायां उन्होंने किसानों से इसका अधिक से अधिक उपयोग करने का आग्रह कियां दुर्गापुरा स्थित राज्य कृषि प्रबंध संस्थान में हुए इस कार्यक्रम में प्रदेश के कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि किसानों को एक एकीकृत डिजिटल प्लेटफार्म पर उनकी अपनी भाषा में कृषि संबंधी समग्र सेवाओं की जानकारी मिल सकेगीं

....

केन्द्रीय कृषि मंत्री का इसके बाद जोबनेर के श्री करण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय में फील्ड विजिट का कार्यक्रम हैं श्री चौहान जयपुर में चौधरी चरण सिंह राष्ट्रीय कृषि विपणन संस्थान के दीक्षांत समारोह में भी शामिल होगें

000

राज्य विधानसभा में भारी हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही आज दो बार स्थगित की गई विधायक बालमुकुन्दाचार्य ने सदन में गाय को राज्य माता का दर्जा दिये जाने से जुड़ा सवाल पूछा थां इसके बाद पक्ष और विपक्ष के बीच हुई नोंक–झोंक शोर–शराबे में बदल गई हंगामा बढता देख विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित कीं दूसरी ओर विधानसभा में बजट सत्र की चर्चा का आज अंतिम दिन है, जिसमें उपमुख्यमंत्री और वित्तमंत्री दिया कुमारी राज्य सरकार की ओर से जवाब पेश करेंगीं

000

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने प्रदेश की कला और साहित्य संस्थाओं को पूरी ऊर्जा के साथ काम करने के निर्देश दिए हैं मुख्य सचिव ने कला साहित्य और संस्कृति विभाग को जयपुर में कला संस्कृति पर चिंतन शिविर आयोजित करने के भी निर्देश दिए हैं वे कल पर्यटन और कला संस्कृति विभाग की समीक्षा बैठक में बोल रहे थें उन्होंने 19 मार्च को राजस्थान दिवस का आयोजन भव्य रूप से करने के निर्देश दिएं

मुख्य सचिव ने राज्य की भाषा, साहित्य और कला से संबंधित प्रत्येक अकादमी को वर्ष में कम से कम एक बड़ा आयोजन करने और उसका व्यापाक प्रचार–प्रसार करने को कहां

000

मौसम विभाग ने आज प्रदेश में कई स्थानों पर बारिश को लेकर पूर्वानुमान जारी किया हैं विभाग के अनुसार दोपहर बाद बीकानेर, जयपुर, अजमेर और जोधपुर संभाग में कई जगह बारिश होने की संभावना है, कहीं–कहीं तेज हवाओं के साथ ओले भी गिर सकते हैं विभाग की ओर से 13 जिलों में अलर्ट बताया गया हैं इस बीच राजधानी जयपुर सहित कई जिलों में सुबह से ही तेज हवाएं चल रही हैं और बादल छाए हुए हैं बीते 24 घंटों में दौरान प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर आसमान साफ रहा और दिन में तेज धूप निकलीं सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 34 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस बाड़मेर में रहां सिरोही, हनुमानगढ़ और बारां को छोड़कर अन्य सभी स्थानों पर दिन का तापमान 30 से 33 डिग्री सेल्सियस के बीच मापा गयां

000